ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

दिनांक 03.11.2020

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 03.11.2020 को नगर निगम कार्यालय में एकल खिडकी का किया गया शुभारम्भ।

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सहायक नगर आयुक्त महोदय द्वारा जाम और हादसो का कारण बन रही रेता बजरी को सड़क से हटवाया गया।

- मिशन शक्ति के अन्तर्गत शहीद पार्क पर किया गया नुक्कड़ नाटक।

1– नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 03.11.2020 को नगर निगम कार्यालय में एकल खिडकी का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। नगर निगम द्वारा दी जाने वाली समस्त सुविधाये एकल खिड़की के माध्यम से संचालित की जायेगी। एकल खिड़की के संचालन से आम जनता को काफी साहुलियत मिलेगी। नगर निगम,शाहजहॉपुर में सम्पत्तियो के नामांतरण की कार्यवाही ऑनलाइन माध्यम से ही किये जायेगें। उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम–1959 की धारा 213 के अन्तर्गत सम्पत्तियो के नामातंरण का प्राविधान किया गया है। जनसामान्य को त्वरित,सुलभ एवं पारदर्शी तरीके से सेवाये उपलब्ध कराने के उददेश्य से ई– नगर सेवा के अन्तर्गत 12 सुविधाओ को समेकित करते हुये सम्पत्तियो के नामातंरण की भी ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। जन सामान्य को सुचारू रूप से समस्त सेवाओ को उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम को 04 जोनो में बाटा गया है एवं जोनल अधिकारी तैनात किये गये है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस सम्बन्ध मे नगर निगम में एकल खिड़की का आज शुभारम्भ करते हुये समस्त सुविधाओ को आनलाइन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही नामातंरण की कार्यवाही जोनल अधिकारियो द्वारा 45 दिन की नियत अवधि में पूर्व किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। एकल खिड़की पर कर्मचारियो को तैनात करते हुये आमजन को एक ही स्थान पर नामातंरण प्रार्थना पत्र देने, देय गृहकर/जलकर को जमा करने, नकल हेतु आवेदन देने,गृहकर निर्धारण तथा इससे सम्बन्धित शिकायतो को प्राप्त करने तथा समस्त प्रकरणो का निस्तारण समय से करने हेतु निर्देशित किया गया। आज नामातंरण शुल्क,गृहकर एवं जलकर सहित कुल 305188.00 की धनराशि एकल खिड़की पर जमा की गई। एकल खिड़की के शुभारम्भ के समय नगर आयुक्त महोदय के साथ उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त,प्रथम/द्वितीय, महाप्रबन्धक (जल), मुख्य अभियन्ता,सिविल आदि लोग उपस्थित रहे।

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सहायक नगर आयुक्त महोदय द्वारा जाम और हादसो का कारण बन रही रेता बजरी को सड़क से हटवाया गया। आज दिनांक 03.11.2020 लाल इमली चौराहा से तारीन टिकली रोड,टाउनहाल ओवरब्रिज,टाउन रोड एवं अंटा चौराहा से विसरात रोड पर सड़क पर पड़ी रेता बजरी को सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता एवं प्रवर्तन टीम के साथ हटवाया गया।

- शासन द्वारा माह नवम्बर 2020 से अप्रैल 2021 तक मिशन शक्ति कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओ के अधिकार,कन्या भ्रूण हत्या,छेड़खानी, बाल विवाह, दहेज प्रथा, महिलाओ के सम्मान,महिलाओ के अधिकार एवं सुरक्षा पर केन्द्रित कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। इस क्रम में आज नगर निगम की टीम द्वारा शहीद उद्यान टाउनहाल पर नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम किया गया। यह नुक्कड़ नाटक स्थानीय कलाकारो द्वारा श्री योगेश पाण्डे के निर्देशन मे प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित व्यक्तियो द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं कार्यकम को सरहा गया। इस कार्यक्रम में उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त, श्रीमती रश्मि भारती एवं श्री अंगद गुप्ता, श्री सैफ सिददीकी,विनय प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर